

**मौसम : गिधौरी के निचले हिस्सों में बाढ़ का पानी भरा**

# गिधौरी-शिवरीनारायण में महानदी खतरे के निशान पर, अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

लगातार चार-पांच दिनों से जारी बारिश से अंचल के नदी-नाले उफान पर है। गिधौरी -शिवरीनारायण महानदी का जल स्तर गुरुवार को अधिक बढ़ गया था और गिधौरी के नीचले हिस्सों में बाढ़ का पानी भरने लगा था।

महानदी का जल स्तर लगातार बढ़ने से गिधौरी के वट विश्राम रोड, दशरहा मैदान, पुरना बस स्टैंड के नीचले हिस्सा में लबालब पानी भर गया है और खेतों में भी पानी भर गया है। गिधौरी शिवरीनारायण महानदी पुल खतरे के निशान पर चल रही है।

गिधौरी में बाढ़ का पानी बढ़ने की संभावना के चलते शासन प्रशासन द्वारा अलर्ट जारी कर व्यापारी एवं ग्रामीणों को सुरक्षित सावधानी से रहने की निर्देश किया गया है। गिधौरी से सारंगढ़ मार्ग पर घटमडवा नाला में बाढ़ का पानी चढने से 12 बजे से आवागबन बाधित है तथा गिधौरी से परसापाली नाला भारी ऊफान पर है। गिधौरी चारों तरफ पानी से घिरा है। फिलहाल गिधौरी से बलौदाबाजार मार्ग चालु है और गिधौरी-शिवरीनारायण बिलासपुर मार्ग चालु है। घटमडवा नाला में करीबन 3 फीट पानी चल रहा है एवं परसापाली नाला में पांच फीट पानी चल रहा है। गिधौरी-शिवरीनारायण महानदी शबरी सेतु पुल पर एक फीट पानी चढने में शेष बचा हुआ है और महानदी लबालब भरा हुआ है।



## नदी कै रौद्ररूप को देखने लोगों की भीड़

गिधौरी-शिवरीनारायण सहित आसपास के जिले में लगातार बारिश से गिधौरी शिवरीनारायण में महानदी उफान पर है। पानी खतरे के निशान की ओर तेजी बे बढ रहा है महानदी का जलस्तर शबरी सेतु से करीबन मात्र एक फीट नीचे है क्षेत्र में लगातार पिछले चार पांच दिनों सै हो रही बारिश का असर जिले के सभी नदी नालों पर नजर आने लगा है। गिधौरी शिवरीनारायण में बहने वाली महानदी पर प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए हैं और लोगों को नदी से दूर रहने की अपील भी की जारही है। महानदी का रौद्र रुप देखने लोग नदी तट पर पहुंच रहे हैं और गिधौरी शिवरीनारायण महानदी शबरी सेतु पर बाढ़ का नजारा देखने लोगों की भीड देखी गई। गुरुवार शाम 6 बजे तक बाढ का पानी बढ़ते क्रम पर था और खतरे के निशान की ओर बढ़ रहा था।

## 'द ट्री ऑफ लाइफ रिसॉर्ट' में फंसे 24 लोगों का रेस्क्यू

**कसडोल**। जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते महानदी का जलस्तर बढ़ने से कसडोल क्षेत्र के बल्दाकछार स्थित 'द ट्री ऑफ लाइफ रिसॉर्ट' में 24 लोग बाढ़ के पानी से घिरकर फंस गए। सूचना मिलते ही नगर सेना (होमगार्ड), पुलिस और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

लगातार बारिश के कारण महानदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया, जिससे रिसॉर्ट चारों ओर से पानी से घिर गया और वहां मौजूद पर्यटक, रिसॉर्ट कर्मचारी तथा कुछ स्थानीय ग्रामीण बाहर नहीं निकल सके। सूचना मिलने पर स्थिति की



गंभीरता को देखते हुए राहत एवं बचाव दल तत्काल मौके पर पहुंचा और नावों सहित आवश्यक संसाधनों की सहायता से रेस्क्यू अभियान शुरू किया।

नगर सेना और पुलिस के जवानों ने विशेष सतर्कता के साथ महिलाओं, बच्चों सहित सभी 24 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। समय पर किए गए इस अभियान से एक बड़ा हादसा टल गया।बलौदाबाजार पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि बल्दाकछार स्थित द ट्री ऑफ लाइफ रिसॉर्ट में पर्यटक बाढ़ के कारण फंस गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल नगर सेना (होमगार्ड) और पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजा। रेस्क्यू अभियान के दौरान सभी पर्यटकों और ग्रामीणों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस पूरी तरह अलर्ट है और क्षेत्र की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। जिला प्रशासन ने महानदी और अन्य जलाशयों के किनारे रहने वाले लोगों तथा पर्यटकों से सतर्क रहने, जलभराव एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाने से बचने की अपील की है। मौसम विभाग द्वारा भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रखा है।






## खबर संक्षेप



### नव केरला पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा मनाई गई

**खरोरा।** गुरु पूर्णिमा पर नव केरला पब्लिक स्कूल, खरोरा में श्रद्धा, सम्मान एवं भारतीय संस्कृति से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता भाव प्रकट करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का विद्यार्थियों द्वारा तिलक लगाकर, पुष्प अर्पित कर एवं गुरु वंदना के साथ सम्मान किया गया। विद्यार्थियों ने गीत, कविता, भाषण तथा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर संदीप वर्मा, प्राचार्या प्रेरणा शर्मा अवस्थी, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान भारतीय संस्कृति, संस्कार एवं गुरु-शिष्य परंपरा के आदर्शों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। प्राचार्या प्रेरणा शर्मा अवस्थी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि गुरु के प्रति सम्मान, समर्पण और कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन अवसर है। उन्होंने कहा कि गुरु का सम्मान ही ज्ञान का सर्वोच्च सम्मान है।

### पलारी में महिलाओं ने मनायी गुरु पूर्णिमा



**पलारी।** नगर पलारी के वार्ड 11 के योग कक्षा की बहनें सरिता वर्मा के निज निवास में यज्ञ हवन गुरु वंदना गुरु भजन गुरु दक्षिणा के साथ किया गया। आयोजन महिला पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी मीना साहू के मार्ग दर्शन में हुआ उन्होंने गुरु महिमा बताते हुए कहा कि गुरु पूर्ण मां होती है। जैसे नन्हें बालक मल मूत्र में सने हुए बड़े प्यार से उसे स्नान कराकर तेल मालिश कर तथा काजल का टीका लगा कर तैयार करती है। वैसे ही सतगुरु हमारे भीतर के अवगुणों व बुराइयों का सफाई करके अपने जैसा बनना चाहते हैं। कार्यक्रम में तहसील प्रभारी हेमलता कन्नौजे, मधु सरशिहा, मालती वर्मा, विभा चंद्राकर, राखी तिवारी, पूर्णिमा चंद्राकर, अरूंधति वर्मा, उर्वशी चंद्राकर, पूजा चंद्राकर, अनिता साहू, कान्ति साहू, पूर्वी, अंशी, रोली, श्रेया शामिल रहे।

### सशिमं में गुरु पूर्णिमा मनी



**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर कोसरंगी में महर्षि वेद व्यास के जन्म गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया गया।, इसके मुख्य अतिथि ग्राम भारती जिला रायपुर के सह सचिव तोषण लाल साहू व अध्यक्षता संस्था के प्रधान पाठक गंगू राम वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि गैंद लाल साहू तथा प्राचार्य कामता प्रसाद साहू आसीन थे। अतिथियों ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु एक दीपक के समान हैं जो स्वयं जलकर राख हो कर अपने शिष्यों को गियान देकर प्रकाशित करता है। इसी कारण गुरु को ब्रह्मा, विष्णु महेश से भी बढ़कर साक्षात परम ब्रम्ह के रूप में माना गया है, जिसकी जितनी भी गुणगान किया जाय वह भी कम है चाहे पूरे धरती को कागज, सातों समुद्र की पानी को स्याही, तथा पूरे जंगल की लकड़ी को लेखनी बना लो फिर भी गुरु की महत्ता को परिभाषित नहीं कर सकते। इसी कारण उपस्थित भैया बहनों को गुरुओं के बताए मार्ग पर चलकर आगे बढ़ने प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक गंगू राम वर्मा, उत्तम कुमार साहू, रूपेंद कुमार साहू, खेमू राम तुर्कानें, परमानंद वर्मा, आचार्या सावित्री तुर्कानें, सीमा साहू, दुर्गेश्वरी पाल, बसंती दास, रोमा दास, कु. प्रतिभा साहू, लक्ष्मी साहू, पार्वती साहू, शकुंतला निषाद, पूजा वर्मा तथा आया खिलेश्वरी साहू, कला पाल सभी को श्रीफल एवं गमछा, अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। सभा का सफल संचालन अष्टम के बहन सृष्टि जांगरे ने किया गया।

# गौरव पथ निर्माण और सीएमओ को हटाने की मांग, किया चक्काजाम

## प्रतिष्ठान बंद कर व्यापारियों, पार्षदों और नगरवासियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

नगर में लंबे समय से अधूरे पड़े गौरव पथ निर्माण कार्य एवं नगर पंचायत में कथित भ्रष्टाचार के विरोध में गुरुवार को बिलाईगढ़ के व्यापारियों का आक्रोश फूट पड़ा। व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर सड़क पर धरना दिया और चक्का जाम कर प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। आंदोलन में नगर के व्यापारी, पार्षद तथा बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों ने गौरव पथ निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने तथा कथित भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) को तत्काल हटाने की मांग उठाई। आंदोलनकारियों का आरोप है कि नगर के विकास कार्यों में लगातार लापरवाही बरती जा रही है, जिसका खामियाजा आम नागरिकों और व्यापारियों को भुगतना पड़ रहा है।

धरने के दौरान वक्ताओं ने कहा कि गौरव पथ का अधूरा निर्माण नगर की बदहाल व्यवस्था का प्रतीक बन चुका है। सड़क की खराब स्थिति के कारण व्यापार प्रभावित हो रहा है और आम लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पारदर्शी प्रशासन की मांग भी की गई।



### उग्र आंदोलन की चेतावनी

व्यापारियों ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र रूप दिया जाएगा। नगर हित और विकास के मुद्दे पर आयोजित इस आंदोलन को नगरवासियों का भी भरपूर समर्थन मिला।नगर बंद और चक्का जाम के चलते कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। हालांकि, आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अब नगरवासियों की निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। अधूरे गौरव पथ निर्माण कार्य को तत्काल पूर्ण कराया जाए, कथित भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर सीएमओ को पद से हटाया जाए, नगर के विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

## खेती पानी में डूबी, प्रशासन ने किया निरीक्षण

# मलपुरी में 20 साल बाद आई बाढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण पलारी विकासखंड के मलपुरी, चरौदा में लगभग 20 साल बाद बाढ़ जैसी स्थिति बनी है। गांव के कई मोहल्लों में पानीभर जाने से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। खेतों में खड़ी फसलें जलमग्न हो गई हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। कई संपर्क मार्गों पर पानी भरने से आवागमन बाधित हो गया है और ग्रामीणों को दैनिक कार्यों के लिए भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जलभराव की स्थिति, डूबे हुए खेतों, विद्युत व्यवस्था तथा राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की।



### घर में घुसा पानी, परिवार बाजवट पर बैठकर काट रहे समय



मुंडा। ग्राम ढनढनी निवासी भूवनबाई जोशी के घर कच्चा है, वह भी जर्जर हो गया है। लगातार हो रहे बारिश के चलते घर में पानी भर जा रहा है। इसी मकान में तुलाराम जोशी, भूवनबाई जोशी निवास रथ है। घर में पानी भर जाने से बाजवट के ऊपर बैठकर अपना जीवन चला रहा है। वहीं भूवनबाई जोशी ने शासन से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सहयोग करने की मांग की है ।

उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को राहत कार्यों में तेजी लाने, आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि करीब दो दशक बाद गांव में इतनी बड़ी बाढ़ आई है, जिससे लोगों में चिंता का माहौल है। कई परिवारों को घरों से निकलने में परेशानी हो रही है और कृषि कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और जरूरत पड़ने पर तत्काल राहत उपलब्ध कराई जाएगी।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे ने कहा कि मलपुरी, चरौदा में वर्षों बाद आई इस बाढ़ से किसानों और ग्रामीणों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत सामग्री उपलब्ध कराने, फसलों के नुकसान का सर्वे कर उचित मुआवजा देने तथा विद्युत एवं सड़क व्यवस्था जल्द बहाल करने की मांग की।

# भाजपाइयों ने मनाई संत रविदास की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

संत रविदास की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास ऐसे समय में धरती पर अवतरित हुए, जब समाज में छुआछूत, भेदभाव और ऊंच-नीच की भावना चरम पर थी। उन्होंने अपने विचारों, सत्कर्मों और भक्ति के माध्यम से समाज को समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। संत रविदास ने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि मनुष्य की पहचान उसके जन्म से नहीं, बल्कि उसके कर्म, चरित्र और सेवा भाव से होती है। उनके बताए आदर्श आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। वक्ताओं ने सभी से संत रविदास के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समरस एवं समानतामूलक समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी ने बताया कि उनकी जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर वाराणसी से वहां की पावन मिट्टी एवं कलश को छत्तीसगढ़ लाया जाएगा। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री छोटू यादव, राहुल साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर, एल्डरमैन अभिजीत अवस्थी, नीरज शर्मा, प्रशांत देवांगन, राजेश सिंह, पार्षद सचिन जैन, मुकंद रजक, पितांबर सोनकर, हेमलाल कुर्रे, नकुल रजक, नरेश दिवाकर, कृष्णा दाण्डें, दिलीप, राजेन्द्र, अवधराम, योगेश, राजा तुरकाने, राम अवतार रावटे, धर्मेंद्र दाण्डें, मन्नू दाण्डें सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संत रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

# शतरंज प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखण्ड स्तरीय शतरंज चयन प्रतियोगिता का आयोजन पीएम श्री सेजेस पलारी विद्यालय में किया गया, जिसमें सेजेस पलारी सहित गुमा, छेरकापुर, दतरेंगी, जर्वे के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग 14, 17 और 19 वर्ष की श्रेणी में आयोजित की गई, जिसमें विकासखंड खेल प्रभारी हेमलता कनौजे के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता कुशलतापूर्वक संपन्न हुई। खेल का



शुभारंभ सेजेस पलारी के प्राचार्य सीखा रानी कोसले ने किया।

आयोजन में दीपमाला साहू सेजेस पलारी, राजेश माड़े गुमा, आशीष ठाकुर सेजेस छेरकापुर, संजय वर्मा जर्वे, चंद्रदीप रात्रे भवानीपुर, प्रविण चंद्राकर सेजेस ओड़ान ने अहम भूमिका निभाई। बालक एवं बालिका वर्ग 14, 17,19 चयनित खिलाडियो में शुभम गेंडरे, शिवम कुमार, सागर साहु, कुनाल कोशले, गुरुगेपाल साहु, अन्नया साहु, मयंक धुरंधर, भाग्यराज शर्मा, प्यिांशु वर्मा, मयंक देवांगन, यशवंत वर्मा, ईशा घृतलहरे, खनक मांजरे, दुष्यंत साहू, दीपेश पटेल, प्रीतम खसे, दयावंत गेन्द्रे, दीपांशु बंजारे, टंकना यदु, ईशा वर्मा शामिल हैं। इन खिलाड़ियों का चयन 3 अगस्त को बलौदाबाजार में आयोजित जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

ये खिलाड़ी विकासखण्ड स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेकर पलारी विकासखण्ड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### गुलाबी गैंग ने संभाला मोर्चा

पलारी। पलारी के ग्राम छड़िया में बड़ी संख्या में महिला स्वसहायता समूह ने गुलाबी गैंग का गठन कर गांव में नशामुक्ति के लिए अभियान छेड़ दिया है। ये महिलाएं गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए गांव के हर गली मोहल्ले में डोर टू डोर जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगो को जागरूक करने का काम कर रही है। महिलाओं ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी शिक्षा और संस्कार को भूलकर नशे के ओर जा रहा है जिसे बचाना बेहद जरूरी है महिलाओं का कहना है कि नशा नाश का जड़ इसलिए आने वाले पीढ़ी को बचाना है तो इसके लिए हम सभी को आगे आना होगा। समूह में अध्यक्ष लखेश्वरी डहरिया, सचिव अंजनी साहू, सदस्यगण संतोषी, ललिता, शिंग यादव, रामती यादव, दुलोरिन यादव, ऊवर्सी यादव, किलवंतीन यादव, निराबाई यादव, ईलवारा बाई साहू, हेमिन साहू, चितरावा साहू, देवकी बाई साहू, सुबवंतीन फेकर, गिताबाइ रात्रे, लक्ष्मी निराला, मन्नु चेलक सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हैं।



### आंगनबाड़ी केंद्र का जिपं सदस्य रवि बंजारे व प्रशासनिक अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**संडी बंगला।** ग्राम पंचायत मलपुरी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का गुरुवार को जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे, एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र की व्यवस्थाओं, बच्चों की उपस्थिति तथा पोषण आहार वितरण का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से बच्चों की नियमित उपस्थिति, पोषण आहार, शिक्षण गतिविधियों एवं शासन की विभिन्न योजनाओं के संचालन की जानकारी ली। अधिकारियों ने बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी प्राप्त की। साथ ही केंद्र में उपलब्ध शैक्षणिक सामग्री, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।



अधिकारियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा तथा बेहतर पोषण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र बच्चे तक समय पर पहुंचे और केंद्र की व्यवस्थाएं हमेशा बेहतर बनी रहें।

# तीन शिक्षक निलंबित, एक के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

शासकीय विद्यालयों में अनुशासन, शिक्षकीय मर्यादा एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से चार अलग-अलग मामलों में कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। जांच प्रतिवेदनों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर तीन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है, जबकि एक प्रधान पाठक के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु प्रस्ताव संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बिलासपुर को भेजा गया है।

**विद्यालय में दुर्व्यवहार और अनुशासनहीनता पर प्रधान पाठक निलंबित:** बिलाईगढ़ विकासखंड के प्राथमिक शाला चकरदा के प्रधान पाठक राजेश कुमार गौतम के विरुद्ध शासकीय कर्तव्य के दौरान गंभीर अनुशासनहीनता, सहकर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार, धमकी देने तथा पूर्व में भी विभागीय कार्रवाई के बावजूद सुधार नहीं होने के तथ्य जांच में पाए गए। इसके आधार पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।



■ शिक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

बरमकेला विकासखंड की आश्रम प्राथमिक शाला झाल की सहायक शिक्षिका यशवंती चौहान के विरुद्ध शासकीय दायित्वों की उपेक्षा करते हुए निजी नेटवर्क मार्केटिंग गतिविधियों में संलिप्त रहने तथा शिक्षण कार्य प्रभावित करने संबंधी शिकायत जांच में प्रमाणित होने पर उन्हें भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के निर्देशन में जिला प्रशासन शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं अनुशासित बनाने के लिए लगातार निगरानी एवं प्रभावी कार्रवाई कर रहा है, जिससे शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

### शराब के नशे में विद्यालय पहुंचने पर प्रधान पाठक निलंबित

बरमकेला विकासखंड के प्राथमिक शाला राजपुर के प्रधान पाठक सरोज कुमार भोय के विरुद्ध विद्यालय में शराब के नशे में उपस्थित होकर शिक्षण कार्य प्रभावित करने तथा विद्यार्थियों के बीच भय का वातावरण निर्मित करने की शिकायत जांच में सही पाए जाने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### प्रधान पाठक के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई का प्रस्ताव

इसी प्रकरण में शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला झाल, बरमकेला की प्रधान पाठक अनंती टोप्पो के विरुद्ध भी शासकीय सेवा आचरण नियमों के उल्लंघन तथा निजी नेटवर्क मार्केटिंग गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाए गए हैं। चूंकि उनके विरुद्ध कार्रवाई का प्राधिकार उच्च स्तर पर है, इसलिए कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु प्रस्ताव संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बिलासपुर को भेजा गया है।

## कुपोषित बच्चों को ईमानदारी के साथ पौष्टिक लड्डू वितरण के निर्देश

# कलेक्टर ने स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को सुहेला में आंगनबाड़ी केंद्र एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने सुपोषित बचपन अभियान के तहत कुपोषित बच्चों को लड्डू वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने,बच्चों के भाषा विकास एवं साफ़ सफाई पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश कार्यकर्ता एवं सहायिका को दिये।

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा क़ि कुपोषण मुक्ति के लिये जिला प्रशासन द्वारा सुपोषित बचपन अभियान चलाया जा रहा है जिसमें गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को सप्ताह में 6 दिन एक -एक पौष्टिक लड्डू खिलाया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ता से आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज बच्चों की संख्या,औसत उपस्थिति,कुपोषित बच्चों की संख्या,लड्डू की उपलब्धता, बच्चों कुपोषित बच्चों को लड्डू वितरण आदि की




जानकारी ली। उन्होंने 2 कुपोषित बच्चों को नियमित रूप से लड्डू वितरण नहीं करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए अगले 15 दिन में सुधार लाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही नियमित गृहभेट कर बच्चों के अभिभावकों से बच्चों की बेहतर देखभाल एवं पौष्टिक भोजन के बारे में जानकारी देने कहा। इस दौरान बच्चों के भाषा विकास के लिये रंगों, आकार, पशु -पक्षियों के नाम,चित्रों की पहचान कराने कहा। उन्होंने रसोई घर का अवलोकन करते हुए साफ़- सफाई पर धयान देने कहा।

कलेक्टर श्री शर्मा ने केन्द्र में उपस्थित नन्हे -मुन्ने बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए उनसे कविता,गिनती एवं रंगों के नाम पूछे।इसके साथ ही रेडी -टू ईट में क्या- क्या मिलता है। कई बच्चों ने सुंदर कविता,गिनती,एबीसीडी सुनाया।इस दौरान उन्होंने सरपंच और सचिव को भी आंगनबाड़ी केन्द्र का नियमित निरीक्षण करने कहा।

इसके पश्चात कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 10 वी के बच्चों से पढ़ाई के बारे में पूछ -ताछ की। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते कहा क़ि 10 वी कक्षा में ही अपने करियर के बारे में सोच कर रखें और उसे पूरा करने के लिये मन लगाकर पढ़ाई करें। सपने तभी पूरे होते है जब नियमित मेहनत करते है। उन्होंने कहा क़ि बाधा भी कई आएंगे लेकिन उससे घबराना नहीं है उसका मुकबला करते हुए आगे बढ़ना है। उन्होंने कक्षा 4थी के बच्चों से भी आत्मीय संवाद किया और अंग्रेजी के कुछ पाठ पढ़ने कहा।

# लोक परीक्षा संशोधन विधेयक से परीक्षा माफिया पर लगेगी लगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी अमित साहू ने लोकसभा में लोक परीक्षा संशोधन विधेयक, 2026 के पारित होने का स्वागत करते हुए इसे करोड़ों युवाओं के सुरक्षित भविष्य, ईमानदार प्रतिभा और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की दिशा में ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी पहल बताया है।



अमित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं के सपनों, उनकी मेहनत और भविष्य की सुरक्षा के लिए लगातार ठोस निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाएं लाखों-करोड़ों युवाओं के वर्षों के परिश्रम और विश्वास का आधार होती हैं, लेकिन प्रश्नपत्र लीक, नकल माफिया और संगठित परीक्षा अपराध जैसी घटनाएं योग्य अभ्यर्थियों के साथ अन्याय करने के साथ ही परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता को भी प्रभावित करती हैं।

उन्होंने कहा कि संशोधन विधेयक के माध्यम से परीक्षा संबंधी अपराधों के विरुद्ध दंडात्मक प्रावधानों को और अधिक कठोर बनाया गया है। इससे परीक्षा माफिया, संगठित आपराधिक गिरोहों तथा अनियमितताओं में शामिल लोगों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई का रास्ता मजबूत होगा। साथ ही परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसियों एवं सेवा प्रदाताओं की जवाबदेही भी बढ़ेगी, जिससे पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और विश्वसनीय बनेगी।

## खबर संक्षेप



### दरचुरा में छात्रों को बांटी गई साइकिलें

**सिमगा।** विकासखंड के ग्राम दरचुरा के शासकीय हाई स्कूल में छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं की शिक्षा को सुगम बनाना और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शशि आनंद बंजारे जिला पंचायत सदस्य, चंद्रप्रकाश टोंडे जनपद सभापति, भीमा नारायण पाल सरपंच एवं पंच ग्रामीण जन उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल की चाबियां सौंपीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। वहीं साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक गण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित रहे।

### गुरु पुर्णिमा पर सिद्धेश्वर मंदिर में की गई पूजा-अर्चना



**पलारी।** गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो गुरु के प्रति सम्मान, श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। इस दिन शिष्य अपने गुरु का आशीर्वाद लेते हैं और उनके द्वारा दिए गए ज्ञान एवं संस्कारों के लिए धन्यवाद करते हैं।गुरु हमारे जीवन में अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। भारतीय परंपरा में महर्षि वेदव्यास को गुरु पूर्णिमा से विशेष रूप से जोड़ा जाता है, इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। गुरु वह दीपक हैं, जो स्वयं जलकर हमारे जीवन को ज्ञान और सफलता के प्रकाश से प्रकाशित करते हैं।

# खरोरा में शाला प्रवेशोत्सव बना शिक्षा और संस्कार का महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पीएम श्री भरत देवांगन उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा एवं पूर्व माध्यमिक शाला बरौदा में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों की भव्य परेड मार्च से हुआ। विद्यार्थियों ने अतिथियों का पारंपरिक एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर, निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया तथा पात्र छात्राओं को साइकिल प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। पूरे परिसर में शिक्षा, उत्साह और नवसंकल्प का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। शाला प्रवेश उत्सव केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प है। शिक्षित और संस्कारित पीढ़ी ही विकसित छत्तीसगढ़ एवं विकसित भारत के निर्माण का मजबूत आधार बनेगी।

### जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह



#### ये हुए शामिल

कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति सविता चंद्राकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, शाला विकास समिति अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, जनपद पंचायत धरसींवा अध्यक्ष शकुन्तला सेन, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष रश्मि वर्मा, एल्डरमैन गुरजीत कौर, संजीव देवांगन, सुमित सेन, चौबा यादव, प्राचार्य रंजना मिंज, दिलेंद्र सेन, उमराव साहू, सुरेश कुमार साहू, भागवत साहू, नमिता वर्मा, आनंद साहू, डोमर वर्मा, पप्पू शर्मा, अवध साहू, ईश्वर साहू, पुरुषोत्तम साहू, देवेंद्र वर्मा, ओंकार मन्नड़े, प्राचार्य सुचित्रा शर्मा, वर्षा शर्मा, निवेदिता, भुवनलाल लहरी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पालकगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

## सुरक्षित आवागमन के लिए कसडोल–सिरपुर सहित प्रमुख मार्गों के सुधार की मांग

# अंचल की सड़कें गड्ढों में तब्दील करोड़ों के मरम्मत कार्य पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कसडोल-सिरपुर मुख्य मार्ग इन दिनों अपनी बदहाली की कहानी बयां कर रहा है। कसडोल से लगभग 22 किलोमीटर दूर स्थित महर्षि वाल्मीकि तपोभूमि एवं लव-कुश की जन्मस्थली माने जाने वाले मातागढ़ तुरतुरिया धाम तथा लगभग 45 किलोमीटर दूर स्थित छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पर्यटन एवं पुरातात्विक स्थल सिरपुर को जोड़ने वाली यह सड़क लंबे समय से जर्जर अवस्था में है।सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। लगातार बारिश के कारण इन गड्ढों में पानी भर जाने से वाहन चालकों को उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका हर समय बनी रहती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर घायल हो रहे हैं।

### बारिश में गड्ढों ने बढ़ाई मुश्किलें, हादसों का बढ़ा खतरा

#### पुनर्निर्माण की उठी मांग

महासमुंद, रायपुर, सिरपुर, सरायपाली, जांजगीर चांपा, सारंगढ़-बिलाईगढ़ और रायगढ़ की ओर आने-जाने वाले सैकड़ों वाहन प्रतिदिन इसी मार्ग का उपयोग करते हैं लेकिन सड़क की जर्जर स्थिति के कारण लोगों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए कसडोल-सिरपुर एवं कसडोल, देवतराई, चिखली, नवागांव, देवपुर, बया, पिथौरा मार्ग की उच्च गुणवत्ता के साथ शीघ्र मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण कराया जाए ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके और आम लोगों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।



#### श्रद्धालु और राहगीर परेशान

सबसे अधिक खराब स्थिति कसडोल से लगभग 4 किलोमीटर दूर ग्राम सेमरिया के पास देखने को मिल रही है जहां सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु मातागढ़ तुरतुरिया धाम के दर्शन तथा सिरपुर के प्राचीन मंदिरों के भ्रमण के लिए गुजरते हैं लेकिन सड़क की खराब हालत के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इधर कसडोल पिथौरा मुख्य मार्ग की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। इस सड़क पर भी जगह-जगह गड्ढे हो चुके हैं जिससे आम लोगों व्यापारियों और यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इन सड़कों पर समय-समय पर रूटीन मेंटेनेंस पैच रिपेयर बिटुमिनस ओवर रोड रिसर्फेसिंग और रिन्यूअल जैसे कार्य किए जाते हैं।

#### स्कूली बच्चे और व्यापारी सबसे अधिक प्रभावित

इन कार्यों पर करोड़ों रुपये खर्च होने और ठेके जारी होने के बावजूद कुछ ही महीनों में सड़क फिर से उखड़ जाती है। इससे मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता और निगरानी पर सवाल खड़े हो रहे हैं।क्षेत्रवासियों का कहना है कि खराब सड़कों का असर केवल आवागमन तक सीमित नहीं है। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे साइकिल से कसडोल पढ़ने आते हैं। बारिश के दौरान गड्ढों में भरे पानी से उनकी यूनिफॉर्म खराब हो जाती है और कई बार बच्चे गिरकर घायल भी हो जाते हैं।व्यापारियों का भी कहना है कि खराब सड़क के कारण कसडोल नगर का व्यापार प्रभावित हो रहा है।

# गुरु रविदास की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

गुरु रविदास की 650वीं समरस संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को भाजपा मंडल रोहांसी द्वारा ग्राम अमेठी स्थित महानदी तट पर गुरु रविदास मंदिर में दीप प्रज्ज्वलन एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि गुरु रविदास ने अपने जीवन और विचारों से समाज को जाति-पांति, ऊंच-नीच एवं भेदभाव से ऊपर उठकर समानता और मानवता का मार्ग दिखाया। उनके आदर्श आज भी समाज को एकजुट करने और सामाजिक समरसता स्थापित करने की प्रेरणा देते हैं। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान संत रविदास जी के विचारों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

इस अवसर पर भाजपा जिला सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक एवं मंडल प्रभारी कृष्णा कुमार पटेल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं मंडल सह प्रभारी रामचंद ध्रुव, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष चरणदास तेहरवंश, मंडल अध्यक्ष विजय कोसले, मंडल महामंत्री मोहन साहू, मंडल उपाध्यक्ष ओमप्रकाश ठाकुर एवं चुडामणी साहू, मंडल मीडिया प्रभारी प्रमोद वर्मा, जिला महामंत्री महिला मोर्चा निर्मला रजक, अमेठी सरपंच राजेश कुमार, जोतराम निषाद, कोषाध्यक्ष नोखराम पटेल, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष ईश्वर बघेल, भाजयुमो अध्यक्ष लखन यादव, पार्षद बुधारू साहू, पार्षद कमलेश चतुर्वेदी, एल्डरमैन जगत सेन एवं नोहर मारकण्डे सहित भाजपा के विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्कूटी से शराब का परिवहन

**महासमुंद।** स्कूटी से शराब का अवैध परिवहन कर रहे एक युवक को पिथौरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि राजासेवैया की ओर से पिथौरा की ओर एक युवक अपने इलेक्ट्रानिक स्कूटी में शराब का अवैध रूप से परिवहन कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 3000 रुपए को बरामद किया।

# माध्यमिक विद्यालय छेछर में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन



**सेल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छेछर में वर्तमान सत्र 2026-27 के लिए एस एम सी का गठन किया गया हैं, जिसमें ग्राम पंचायत छेछर एवं भदरा पदाधिकारियों तथा पालकों द्वारा एस एम सी का गठन किया गया। उक्त समिति में किशोर प्रधान पालक एवं सरपंच ग्राम पंचायत छेछर को अध्यक्ष, एस एम सी तथा गोकुल वर्मा उपाध्यक्ष बनाया गया।

इस मौके पर प्राचार्य रंजना कश्यप, शिक्षक - शिक्षिकाएं एवं सदस्यगणों में प्रेमसागर कश्यप, रामफल कश्यप, उदयराम वर्मा, नंदराम वर्मा, बाबूलाल कश्यप, दिलहरण वर्मा चारबाई कश्यप सरपंच भदरा, रमशीला कौशिक, जानकी काटले, पूर्णिमा कैवर्त्य, कौशल्या वर्मा, सरिता वर्मा एवं सस्था प्रमुख रंजना कश्यप (सचिव) एसएमसी सुनीता तिग्गा व्याख्याता (सदस्य ) एवं विद्यालय के शिक्षकगण धनेंद्र कुमार ठाकरे एसके पैकरा, एम के चंद्राकर, निशांत शुक्ला, दीपिका वर्मा, कुसुम सेन, दिनेश कैवर्त्य, रामकुमार साहू, सरोज वर्मा उपस्थित थे।

# योजनाओं का लाभ लेने किसान एग्रीस्टेक में पंजीयन जरूर कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने जिले के सभी किसानों से अपील किया है कि वे भारत सरकार की एग्रीस्टेक फार्मर रजिस्ट्री योजना के अंतर्गत अपना पंजीयन शीघ्र पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टेक प्रत्येक किसान की एक विशिष्ट डिजिटल किसान आईडी है, जिसमें भूमि, फसल एवं अन्य आवश्यक कृषि संबंधी जानकारी सुरक्षित रहती है। भविष्य में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ इसी किसान आईडी के माध्यम से प्रदान किया जाएगा, इसलिए पंजीयन जरूर करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में एग्रीस्टेक पंजीयन का कार्य निरंतर प्रगति पर है, जो किसान वर्तमान में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लिए पात्र नहीं हैं, यदि वे भूमिधारक हैं, तब भी उनके लिए एग्रीस्टेक कराना आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से संयुक्त खातेदार जॉइंट ख़ाता किसानों से अपील करते हुए कहा कि इस वर्ष शासन के निर्देशानुसार संयुक्त खाते के सभी भूमिधारक सदस्यों का एग्रीस्टेक होना आवश्यक है। यदि संयुक्त खाते के किसी भी सदस्य का एग्रीस्टेक नहीं होगा, तो धान विक्रय में भी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। कलेक्टर ने कहा कि भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए एग्रीस्टेक महत्वपूर्ण होगा।



- भूमिधारक एवं संयुक्त खातेदार किसानों से शीघ्र एग्रीस्टेक पंजीयन कराने कलेक्टर की अपील

# हाईस्कूल की 31 छात्राओं को बांटी गई साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल



शासकीय हाई स्कूल सर्वा के 31 बालिकाओं को सायकिल का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा जिलामंत्री मेलाराम साहू ने कहा है कि इस वर्ष भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बेटियों को मुफ्त सायकिल दे रहे हैं। बेटियों को स्कूल आने जाने में सुविधा उपलब्ध करायी जाती हैं। बालिकाओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया गया है। सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत 31 छात्राओं को जनप्रतिनिधि मेलाराम साहू, सभापति जनपद पंचायत कसडोल के मुख्य आतिथ्य में वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में उमेश वर्मा अध्यक्ष, एस एम डी सी नरपति वर्मा, शिक्षाविद कमल वर्मा, पालक सदस्य सुनीता शर्मा और विद्यालय परिवार की समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा गोपाल प्रसाद कैवर्त्य प्रभारी प्राचार्य, जनीराम साहू, कृष्णों कुमार साहू, राजेश कुमार बंजारे, टिकेश्वर देशलहरे, सुरेश कुमार देवांगन, ज्योति लहरे, शीला देवांगन, सुश्री सृष्टि देवांगन, लोकेश अहिरवार, शंभूराम खरे, उत्तम सिंह पटेल, शांति साहू, चंपा साहू, लक्षराम कैवर्त्य, धनंजय कुमार साहू और रामाभिषेक कुर्रे उपस्थित थे।

## यात्री प्रतीक्षालय निर्माण के लिए प्रयास करने का निर्णय

# कॉलेज में सामान्य परिषद की बैठक में उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



महाविद्यालय लवन में जनभागीदारी समिति की सामान्य परिषद की बैठक की गई। बैठक में पदेन सचिव तथा प्राचार्य यशवंत राज महिलाएं द्वारा जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष हरीश साहू एवं समस्त सदस्यों के अभिनंदन उपरांत महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु विगत सत्र में जनभागीदारी समिति से किये गए कार्यों, आय-व्यय का विवरण एवं महाविद्यालय की उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

अध्यक्ष हरीश साहू ने कहा कि जनभागीदारी समिति महाविद्यालय में उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवा कर शासन की मंशा अनुरूप युवाओं के कल्याण हेतु यथा संभव प्रयास करेगी। विधायक प्रतिनिधि मृत्युंजय पाण्डेय ने कहा कि लवन महाविद्यालय अंचल का गौरव है, इसे राजनीति से परे रखते हुए छात्र छात्रों के हित में सार्थक कार्य किये जाएंगे। सांसद प्रतिनिधि पंकज अग्रवाल द्वारा महाविद्यालय के समीप यात्री प्रतीक्षालय निर्माण हेतु प्रयास करने की बात की गयी। बैठक उपरांत सदस्य अयोध्या जायसवाल ने महाविद्यालय के लिए 20 नग डस्टबिन प्रदान किया।

इसके साथ ही सदस्यों द्वारा परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तारतम्य में पौधारोपण किया गया। उक्त बैठक में अखिलेश मिश्रा, वीरेंद्र यादव, योगेश साहू, सुमेंद्र बार्वे, विजय साहू, सुनील कुमार टोंडरे, प्राध्यापक प्रतिनिधि अजय मिश्रा, आर.के. खांडेकर, सहायक ग्रेड तीन मयंक वर्मा एवं भीमप्रकाश बौद्ध उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### गोपालपुर पंचायत में ग्रामसभा हुई

**गोपालपुर।** जनपद पंचायत बिलाईगढ के आश्रित नवीन ग्राम पंचायत गोपालपुर के पंचायत भवन में ग्राम सभा आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मांनमती पहारु साहू सरपंच ने की। पुनम जाटवर सचिव उपस्थित रहीं। सचिव ने ग्रामसभा में उपस्थित सदस्यों को मुख्य एजेंडा को पढ़कर सुनाया तत्पश्चात पंचायत के मुख्य समस्या को लोगों ने बारी बारी से चर्चा की। तांबा तालाब में मछली मरने पर व गंदगी के कारण पानी में बदबू आने के कारण कुछ भी बीमारी फैलने की भय जिससे नहाने वालों को होने वाली परेशानियां, बाजार परिसर एवं अन्य जगहों के गंदगी को साफ सफाई करने, भोरकहन तालाब के पास सड़क टूटे हुए को मरम्मत कराने, सभी खंभा में लाइट लगवाने के संबंध मे सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। दरस राम टंडन पूर्व सरपंच ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि आज तक 10 पंच ग्राम सभा में उपस्थित नहीं हुए है, तो पंचायत विकास की कल्पना कैसे करोगे? टण्डन ने आगे कहा कि पंचायत के जनहित के कार्य को सभी पंच मिलकर कार्य करने की अपील की। इस दौरान पंचायत के कोड एवं आईडी बनाने की मांग की।

### 2 अंतरराज्यीय गांजा तस्करों को 10-10 वर्षकी जेल

**भाटापारा।** विशेष न्यायाधीश बलौदाबाजार संगीता नवीन तिवारी के न्यायालय द्वारा 25 जुलाई को निर्णय पारित करते हुए दोनों गांजा तस्करों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1-1 लाख के अर्थदंड से दंडित किया गया है। दोषियों में शिवानंद पटेल पिता तुलसी पटेल 44 वर्ष, निवासी- दुगमा, थाना मऊगंज, जिला मऊगंज मध्यप्रदेश और पूजा पटेल पति शेर बहादुर पटेल 26 वर्ष निवासी- राउरा, थाना लालगांव, जिला रीवा मध्यप्रदेश शामिल हैं। 7 अक्टूबर 2024 को रेलवे माल धक्का के पास, सिद्धबाबा शराब भट्टी रोड में एक पुरुष व महिला द्वारा पिट्ठू बैग में अवैध गांजा रखकर बिक्री हेतु ग्राहक तलाशने की मुखबीर सूचना मिली थी। सूचना पर जांचकर्ता एवं तत्कालीन विवेचना अधिकारी द्वारा पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। घेराबंदी के दौरान आरोपी शिशुपाल उर्फ शिवानंद पटेल के कब्जे वाले बैग से 12.460 किलोग्राम गांजा तथा सह-आरोपी पूजा पटेल के कब्जे से 7.590 किलो गांजा जब्त किया गया। आरोपियों का यह कृत्य धारा 20(ख)(ii)(बी) एनडीपीएस एक्ट का पाए जाने पर थाना भाटापारा शहर में दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया था। जुटाए गए अकाट्य साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी पाया।

### जिले में अब तक 618.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 30 जुलाई तक 618.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 869 मिमी, बलौदाबाजार में 743.2 मिमी, लवन 604.6 मिमी, भाटापारा में 550.7 मिमी, कसडोल 547.5 मिमी, पलारी में 641.9 मिमी, सुहेला 512.6 मिमी, सिमगा में 475.6 मिमी एवं सोनाखान 623.8 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 5569.9 मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 618.8 मिमी है।

### झोपड़ी में शराब की बिक्री, गिरफ्तार

**महासमुंद।** खटखटी ओवरब्रिज के पास झोपड़ी में शराब की बिक्री कर रहे एक युवक को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि खटखटी रोड ओवरब्रिज के पास झोपड़ी में आरोपी डिगेश्वर रात्रे पिता अमृत रात्रे (24 साल) तिलकपुर थाना बसना जिला महासमुंद शराब की बिक्री कर रहा है। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को बरामद धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की।

# राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन में खरा उतरा पवनी स्वास्थ्य केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

जिले के लिए गर्व की बात है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पवनी को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एनक्यूएएस के अंतर्गत राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र एनएचएसआरसी नई दिल्ली द्वारा जारी आदेश के अनुसार राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों के विस्तृत बाह्य मूल्यांकन में पीएचसी पवनी ने 94.46 प्रतिशत का उत्कृष्ट स्कोर हासिल करते हुए सभी निर्धारित गुणवत्ता मानकों को सफलतापूर्वक पूरा किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र कुमार वैष्णव ने इस उपलब्धि पर सभी चिकित्सकों, स्टाफ नर्सों, सीएचओ, एएनएम, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं सहयोगी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता पूरी टीम की निष्ठा, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह प्रमाणन जिले के स्वास्थ्य तंत्र की कार्यकुशलता और सेवा गुणवत्ता को राष्ट्रीय स्तर पर मिली महत्वपूर्ण पहचान है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य केवल राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन प्राप्त करना नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित, सुलभ एवं उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

## स्वास्थ्य सुविधा के मानकों को पूरा कर रहा पीएचसी




### पीएचसी पवनी को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन

राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन मिलने से यह साबित हुआ है कि पीएचसी पवनी में मरीजों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं मानक आधारित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मूल्यांकन के दौरान ओपीडी, प्रसव कक्ष, प्रयोगशाला, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का संचालन, प्रशासनिक व्यवस्था, संक्रमण नियंत्रण, रिकॉर्ड प्रबंधन, स्वच्छता, मरीजों की सुरक्षा तथा सेवा गुणवत्ता जैसे विभिन्न मानकों का परीक्षण किया गया, जिसमें संस्था ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इसी उद्देश्य से जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्ता सुधार, आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता, मरीजों की संतुष्टि तथा मानक संचालन प्रक्रियाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर लगातार कार्य किया जा रहा है।

## अभियान : हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों के पालन का दिया संदेश

# स्कूलों में 12 से अधिक छात्र-छात्राओं को पढ़ाया यातायात सुरक्षा का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संजय कुमार साहू के मार्गदर्शन में गुरुवार को ग्राम दतरेंगी, नवागांव तथा गुरुकुल स्कूल, बलौदाबाजार में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

यातायात पुलिस के अनुसार जिले में चलाए जा रहे इस विशेष अभियान से अब तक 1200 से अधिक छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो चुके हैं। यह अभियान जिले के सभी ब्लॉकों, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में आगे भी निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और आम नागरिकों से सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की तत्काल सहायता कर उनका जीवन बचाने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के मूल नियमों की जानकारी देते हुए नाबालिगों को वाहन नहीं चलाने, दोपहिया वाहन पर हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की समझाइश दी गई। साथ ही यातायात संकेतों का पालन, ट्रिपल राइडिंग से बचने, स्टंटबाजी नहीं करने और बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस वाहन नहीं चलाने की सलाह दी। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर ई-चालान के साथ शहर में लगे सिटी सर्विलांस कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही है।





### हिट एंड रन योजनाओं की दी जानकारी

यातायात पुलिस ने नशामुक्त जीवन का संदेश देते हुए विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों से भी अवगत कराया। इसके अलावा केंद्र एवं राज्य शासन की सड़क दुर्घटना से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। विद्यार्थियों को बताया गया कि पीएम राहत योजना के तहत गंभीर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 1.5 लाख तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है। वहीं राहवीर योजना के अंतर्गत दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार की प्रोत्साहन राशि एवं सम्मान पत्र प्रदान किया जाता है। हिट एंड रन मामलों में मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये तथा घायल को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता का भी प्रावधान है।

# रातभर बिजली गुल, लो वोल्टेज से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

ग्राम पंचायत मुरा के सतनामी पारा मोहल्ले में लगातार लो वोल्टेज एवं बिजली आपूर्ति की समस्या से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। बीती रात बिना किसी बारिश से सतनामी पारा मोहल्ले में पूरी रात बिजली बंद रही, जबकि गांव के अन्य हिस्सों में बिजली आपूर्ति सामान्य रूप से जारी रही।



ग्रामीणों ने बताया कि रात में मुरा बिजली कार्यालय में कई बार फोन कर शिकायत की गई, लेकिन जिम्मेदार कर्मचारियों ने समस्या का समाधान करने के बजाय यह कह दिया कि /"यदि लो वोल्टेज है तो हम ठीक नहीं कर सकते, आप स्वयं बना लो। सुबह देखा जाएगा। इस प्रकार का गैर-जिम्मेदाराना जवाब मिलने से ग्रामीणों में भारी नाराज़गी है।

ग्रामीणों का कहना है कि सतनामी पारा की लो वोल्टेज एवं बिजली बाधित होने की समस्या वर्षों पुरानी है, लेकिन बिजली विभाग आज तक इसका स्थायी समाधान नहीं कर पाया है। एक ओर विभाग बिजली बिल जमा नहीं होने पर तत्काल बिजली कनेक्शन काट देता है, वहीं दूसरी ओर नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में पूरी तरह लापरवाही बरती जा रही है। समस्त ग्रामवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि सतनामी पारा की बिजली समस्या एवं लो वोल्टेज का स्थायी समाधान शीघ्र नहीं किया गया तथा विभाग का रवैया नहीं बदला गया, तो ग्राम मुरा के समस्त ग्रामवासी बिजली कार्यालय का शांतिपूर्ण घेराव करने के लिए बाध्य होंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी बिजली विभाग एवं संबंधित अधिकारियों की होगी।

# सेम्हराडीह के युवाओं ने ली भाजपा की सदस्यता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भाजपा की विचारधारा, रीति-नीति तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं से प्रभावित होकर भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सेम्हराडीह के युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान उपसरपंच अमरनाथ वर्मा,

पंच दुकालू यादव, पूर्व उप सरपंच लेखराम ध्रुव, शैलेंद्र यादव, ओमप्रकाश ध्रुव, रामेश्वर ध्रुव, पोषण ध्रुव, विमल कन्नौज, किशन कन्नौज, विक्रम वर्मा, राकेश यादव, राजू पाल, आशीष यादव ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के निवास कार्यालय पहुंचकर सदस्यता ग्रहण की।

शिवरतन शर्मा ने सभी नव प्रवेशी कार्यकर्ताओं को पार्टी का भगवा गमछा पहनाकर भाजपा परिवार में आत्मीय अभिनंदन किया। सदस्यता ग्रहण के दौरान शिवरतन शर्मा ने सभी नए सदस्यों से बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने तथा सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही।

# भवानीपुर हाई स्कूल में 33 छात्राओं को मिली साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



ग्राम भवानीपुर स्थित हाई स्कूल में गुरुवार को राज्य शासन की सरस्वती साइकिल योजना के तहत 33 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शाला विकास समिति के सदस्यों, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों को साइकिल वितरित कर नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए मेहनत करने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों ने बताया कि पहले उन्हें प्रतिदिन पैदल स्कूल आना पड़ता था, जिससे काफी परेशानी होती थी। अब साइकिल मिलने से समय की बचत होगी और विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर सरपंच प्रेमिन बाई लहरे ने कहा कि राज्य सरकार की सरस्वती साइकिल योजना ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों के लिए बेहद लाभकारी है। इससे बच्चों की शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी और दूर-दराज के गांवों से आने वाले विद्यार्थियों को आवागमन में राहत मिलेगी। शाला विकास समिति के अध्यक्ष मदन लाल साहू ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार की योजनाएं विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने का कार्य करती हैं। साइकिल मिलने से बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ेगी तथा वे समय पर विद्यालय पहुंच सकेंगे। कार्यक्रम में उपसरपंच फागू राम सेन, मुखी राम साहू, सचिव नरेंद्र चंद्राकर, सेवक राम साहू, सरपंच प्रतिनिधि जगदीश लहरें, श्रवण कुमार साहू, देवनाथ साहू, राजेश साहू, प्राचार्य शिव साहू, शाला विकास समिति के सदस्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

## ट्रांसपोर्ट नगर बनाने राज्य शासन ने स्वीकृत किए 16.41 करोड़

**बलौदाबाजार।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने बलौदाबाजार नगर पालिका में ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए 16 करोड़ 40 लाख 77 हजार स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने मंत्रालय से इसकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। उप मुख्यमंत्री साव ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं मानदंड सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समयावधि में काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

## हाई स्कूल चिरपोटा में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मना

**मुंडा।** हाई स्कूल चिरपोटा में विश्व प्राकृतिक संरक्षण दिवस पर शिक्षकों व विद्यार्थियों ने प्रकृति के संरक्षण, प्लास्टिक उपयोग कम करने, खेती में जैविक खेती, गोबर खाद का प्रयोग तथा अधिक से अधिक धरती में पौधा लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही अनावश्यक रूप से वृक्ष नहीं काटने, धरती माता को अनावश्यक रूप से छेद नहीं करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक जीवन लाल रजक, कृष्णा पाण्डेय, ऋचा तिवारी, दिलेश कुमार फेकर तथा समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।



## जाति और भेदभाव से मुक्त समाज की कल्पना का दिया संदेश

# गुरु रविदास महाराज की जयंती पर गूंजा समरसता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

गुरु रविदास महाराज की जयंती समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत रविदास वार्ड स्थित मंदिर परिसर में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सहित भाजपा जिलाध्यक्ष आनन्द यादव एवं पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में शिवरतन शर्मा ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज केवल एक महान संत ही नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और समरसता के ऐसे प्रकाश पुंज हैं, जिनके विचार सदियों बाद भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।

शर्मा ने कहा कि संत रविदास का चिंतन एक ऐसे समाज की कल्पना करता है, जहां किसी व्यक्ति के साथ जन्म, जाति या सामाजिक स्थिति के आधार पर भेदभाव न हो और प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान एवं समान अवसर प्राप्त हो। समरसता केवल किसी एक वर्ग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है।



नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि संत रविदास महाराज का जीवन हम सभी को समानता, सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक एकता के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उनका चिंतन हमें जोड़ने का काम करता है और हमें यह सिखाता है कि समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकता और परस्पर सम्मान में निहित है। संत रविदास महाराज जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए समाज में प्रेम, एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आंनद यादव, संजय बंजारे, गोवेर्धन डहरिया,उमाशंकर वर्मा योगेश अनंत, आशीष जायसवाल, डॉ मोहन बांधे, नंदू वैष्णव, कुंजराम कोशले, बंटी टंडन,मीना सोनी तनुजा धृतलहरे, लिकेश साहू, लाला साहू, माखन महिलांगे, रोशन बंजारे, जयसंत शिव अनंत सहित मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411